Website Link: mib.gov.in

फ़ाइल संख्या पी-11015/1/2021-पीपीसी

भारत सरकार

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

(नीति नियोजन प्रकोष्ठ)

नई दिल्ली, 10 मई, 2021

विषय: मार्च 2021 माह के लिए सूचना और प्रसारण मंत्रालय के महत्वपूर्ण कार्यकलापों पर मंत्रिमंडल हेतु सारांश (संख्या- 3)।

मार्च 2021 माह के लिए इस मंत्रालय से संबंधित महत्वपूर्ण कार्यकलापों / घटनाओं की रूपरेखा नीचे दी गई है: -

1. **आज़ादी का अमृत महोत्सव का स्मरणोत्सव: भारत की स्वतंत्रता के 75 वर्ष**

1.1 *दांडी मार्च* की वर्षगांठ पर 12.03.2021 को गुजरात में माननीय प्रधान मंत्री द्वारा **आजादी का अमृत महोत्सव** के **25 दिवसीय कर्टन रेजर का आयोजन** दूरदर्शन समाचार, समाचार सेवा प्रभाग: आकाशवाणी (एनएसडी: एआईआर) और एमआईबी के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मपर लाइव प्रसारित किया गया। ***मन की बात का 75वां संस्करण*** भी 28.03.2021 को डीडी और आकाशवाणी के सभी नेटवर्क पर लाइव प्रसारित किया गया। डीडी न्यूज द्वारा *डांडी यात्रा* की झलक दिखाने के लिए 03 विशेष चर्चा कार्यक्रम प्रसारित किए, इसके अलावा बुलेटिनों में व्यापक कवरेज किया गया।

1.2 माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री ने 13.03.2021 को आज़ादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर देश भर में छह स्थानों पर वर्चुअल रूप से और राष्ट्रीय मीडिया केंद्र, नई दिल्ली में वास्तविक रूप से **फोटो प्रदर्शनी** का उद्घाटन किया जिसे डीडी न्यूज़ द्वारा लाइव कवर किया गया। बीओसी ने 12.03.2021 से 17.03.2021 के बीच **41 फोटो प्रदर्शनी** आयोजित की, जिसमें देश भर से भारत के स्वतंत्रता संग्राम के प्रमुख स्थलों को दर्शाया गया था जिसका उद्घाटन केंद्रीय मंत्रियों / राज्य के गणमान्य व्यक्तियों / संसद सदस्यों और वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा किया गया।

1.3 **#अमृतमहोत्सव** ने 3.86 बिलियन इंप्रेशन और 481 मिलियन पहुँच 125 हजार उल्लेख और 31.7 हजार उपयोगकर्ताओं (10 बजे पूर्वाहन, 13.03.2021 को) के बीच पहुंच बनाई। भारत के स्वतंत्रता सेनानियों की जयंती / पुण्यतिथि को एनएमडब्ल्यू द्वारा हैशटैग **#HonouringIndianLegends** का उपयोग करके विशेष श्रृंखला में शामिल किया गया था।

1.4 प्रकाशन प्रभाग (डीपीडी) ने इस अवसर पर 12.03.2021 से एक सप्ताह के लिए हैदराबाद में और 25.03.2021 से 27.03.2021 तक गुजरात के भरूच में **पुस्तक प्रदर्शनी** का आयोजन किया और अपनी पत्रिकाओं में लेख प्रकाशित किए। पीआईबी ने 40 से अधिक राष्ट्रीय दैनिकों और 90 क्षेत्रीय दैनिकों में माननीय संस्कृति मंत्री द्वारा एक **विशेष लेख** की अखिल भारतीय प्रकाशन की सुविधा प्रदान की।

2. **नोवेल कोरोना वायरस महामारी (कोविड -19) और कोविड-19 टीकाकरण अभियान से संबंधित सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा की गई कार्रवाई**

2.1 **माननीय प्रधानमंत्री की कोविड**-19 की स्थिति पर चर्चा करने के लिए 17.03.2021 को मुख्य मंत्रियों के साथ बातचीत और कोविड टीका लेने के लिए पात्र देशवासियों के लिए उनकी अपील और जनता कर्फ्यू को याद करते हुए 28.03.2021 को ***मन की बात*** के माध्यम से उनके संबोधन को डीडी, आकाशवाणी और न्यू मीडिया विंग ने व्यापक कवर किया।

2.2 **डीडी न्यूज, आकाशवाणी और उनकी क्षेत्रीय समाचार इकाइयों (आरएनयू) के समाचार सेवा प्रभाग (एनएसडी) ने सभी समाचार** बुलेटिनों में कोविड-19 और इसके टीकाकरण अभियान पर निम्नलिखित **अपडेट और समाचार प्रसारित किए हैं:**

i) **दुनिया का सबसे बड़ा कोविड-19 टीकाकरण अभियान - ग्राउंड रिपोर्ट**, चर्चा, साक्षात्कार, विशेष कार्यक्रम अर्थात् **'आरोग्य भारत' के** 03 एपिसोड, **'कुल स्वास्थ्य' के** 04 एपिसोड, **'डॉक्टर्स स्पीक' के** 25 एपिसोड, **'दो टूक', कोरोना जागरूकता की श्रृंखला**, डीडी न्यूज और एनएसडी आकाशवाणी द्वारा एहतियात के नए उद्घाटन संदेश आदि:

ii) **कोविड टीकाकरण पर अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न / कोविड वारियर्स / गुड न्यूज़ इंडिया**

iii) इन्फोबाइट्स / एक्सपर्ट स्पीक / ऑडियो प्रोमो / फेक न्यूज अलर्ट / पॉजिटिव स्टोरीज; केंद्र / राज्यों द्वारा उपाय; एमओएचएफ / एमएचए एडवाइजरी

2.3 पीआईबी ने **दैनिक बुलेटिन** जारी किए, **प्रेस ब्रीफिंग** आयोजित की और इसके **कोविड -19 फैक्ट चेक यूनिटों** ने गलत सूचना पर रोक लगा रखी है। पीआईबी और इसके क्षेत्रीय कार्यालयों ने अंग्रेजी, हिंदी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में **6534 प्रेस विज्ञप्ति** जारी की हैं। मार्च 2021 में 763 पीआईबी के ट्वीट्स (अंग्रेजी) ने 18.98 मिलियन इंप्रेशन और 17.3 हजार नए फॉलोअर्स और 739 पीआईबी के ट्वीट्स (हिंदी) ने 2.51 मिलियन इंप्रेशन और 4.3 हजार नए फॉलोअर्स अर्जित किए।

2.4 बीओसी ने दिल्ली और कई राज्यों में होर्डिंग्स, बैनर, पोस्ट और ***स्टैंडी के*** प्रदर्शन के माध्यम से और देश भर में चलती वैन के माध्यम से घोषणाओं के जरिए जागरूकता अभियान ***"दवाई भी - कड़ाई भी"*** का शुभारंभ किया । बीओसी के फील्ड / क्षेत्रीय लोक संपर्क ब्यूरो (एफओबी/ आरओबी) ने **सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के माध्यम से कोविड -19 और कोविड -19 टीकाकरण ड्राइव पर जागरूकता अभियान चलाया जो निम्नलिखित है:**

| फेसबुक पोस्ट की कुल संख्या | ट्वीट्स और री-ट्वीट्स की कुल संख्या ('इंप्रेशन' के साथ) | व्हाट्सएप पर प्रसारित पोस्टर / संदेश / वीडियो की कुल संख्या | इंस्टाग्राम पोस्ट की कुल संख्या |
|---|---|---|---|
| 16344 | 39491 (477036) | 81214 | 5876 |

2.5 बीओसी के आरओबी / एफओबी ने 14 एकीकृत संचार और आउटरीच कार्यक्रम (आईसीओपीएस), 21 सांस्कृतिक कार्यक्रम, **73 वेबिनार,** और 33 अन्य गतिविधियां मार्च

2021 को **कोविड-19 टीकाकरण,** आज़ादी का अमृत महोत्सव आदि जैसे मुद्दों पर आयोजित किए हैं। पीआईबी और इसके क्षेत्रीय / शाखा कार्यालयों ने उपर्युक्त मुद्दों पर **62 वेबिनार** पर भी सहयोग किया।

2.6 एनएमडब्ल्यू द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कोविड-19 टीकाकरण अभियान, कोविड टीके पर अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न, कोविड प्रबंधन प्रयासों, आदि का **समर्पित #We4Vaccine हैशटैग** का उपयोग करके **व्यापक कवरेज** प्रदान किया गया । मार्च 2021 में लगभग **1031 ट्वीट 130.1 हजार फॉलोअर** वाले **समर्पित ट्विटर हैंडल @कोविडNewsByMIB** से पोस्ट किए गए थे, जो ट्विटर उपयोगकर्ताओं के टाइमलाइन में **19.4 मिलियन बार** दिखाई दिए।

3. प्रकाशन विभाग (डीपीडी) द्वारा प्रकाशित '**भारत के न्यायालय - हिंदी**' पुस्तक का विमोचन समारोह 06.03.2021 को जबलपुर उच्च न्यायालय में आयोजित किया गया जहाँ भारत के माननीय राष्ट्रपति को पुस्तक की पहली प्रति भेंट की गई। डीपीडी ने इवेंट में सेल्स काउंटर सह प्रदर्शनी का आयोजन किया।

4. डीडी न्यूज और डीडी इंडिया **ने भारत-बांग्लादेश** के संबंधों के 50 वर्षों के अवसर पर **बांग्लादेश के लिए भारत के माननीय प्रधान मंत्री के** दो दिवसीय **दौरे** और बांग्लादेश के माननीय प्रधानमंत्री के साथ 'मैत्रीसेतु' के वर्चुअल उद्घाटन को व्यापक रूप से कवर किया। विशेष लाइव शो हिंदी में 'भारत-बांग्लादेश: स्वर्णिम रिश्ते' और अंग्रेजी में 'इंडिया बांग्लादेश टाइस गोल्डन जयंती' सहित 50 घंटे से अधिक का लाइव टेलीकास्ट किया गया, जिसमें ग्राउंड रिपोर्ट, विशेषज्ञ की राय आदि को शामिल किया गया। डीडी न्यूज द्वारा हिंदी में 4 विशेष कार्यक्रम और डीडी इंडिया द्वारा अंग्रेजी में 5 कार्यक्रम यात्रा को कवर करने के लिए प्रसारित किए गए थे।

5. **सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021**

5.1 माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री श्री प्रकाश जावडेकर ने 04.03.2021 **को विभिन्न ओटीटी प्लेटफार्मों के प्रतिनिधियों के साथ** और 11.03.2021 को **डिजिटल न्यूज़ प्रकाशकों के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की** ताकि उनकी आशंकाओं को दूर किया जा सके और नियमों पर उनकी चिंताओं का समाधान किया जा सके। उद्योग के प्रतिनिधियों ने इन नियमों का स्वागत किया और अपने सुझाव प्रस्तुत किए।

5.2 मंत्रालय ने इन नियमों के विभिन्न पहलुओं को समझाते हुए विस्तृत **इन्फोग्राफिक्स** तैयार किया, **अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू)** का विस्तृत रूप से वर्णन किया और विभिन्न प्रेस विज्ञप्ति, मीडिया रिपोर्ट और इन नियमों के संदर्भ में जारी किए गए महत्वपूर्ण संचार नियम के साथ उन्हें आसान पहुंच के लिए मंत्रालय की वेबसाइट पर रखा गया है।

5.3 सूचना और प्रसारण मंत्रालय और इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमआईटी) ने संयुक्त रूप से 09.03.2021 **को संसद के माननीय सदस्यों के लिए लोक सभा सचिवालय**

द्वारा एक **संक्षिप्त सत्र का आयोजन किया** और इन नियमों पर 15.03.2021 **को सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी स्थायी समिति के समक्ष प्रस्तुत किया।**

5.4 मंत्रालय ने 03.03.2021 को सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को यह स्पष्ट करते हुए पत्र लिखा कि उक्त नियमों के भाग III के तहत शक्तियों को राज्य सरकारों या जिला मजिस्ट्रेटों या पुलिस आयुक्तों को नहीं सौंपा गया है।

6. **दिनांक 08.03.2021 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन।**

6.1 भारत के माननीय राष्ट्रपति/ उप-राष्ट्रपति/ प्रधानमंत्री और महिला एवं बाल विकास (डब्ल्यूसीडी) मंत्री के विशेष संदेशों को प्रसारित किया गया। डीडी न्यूज द्वारा **'वूमेन बिल - गूगल फॉर इंडिया इवेंट'** का सीधा प्रसारण किया गया जिसमें माननीय डब्ल्यूसीडी मंत्री ने वेबीनार को संबोधित किया। डीडी न्यूज और एनएसडी आकाशवाणी द्वारा महिला योद्धाओं की **विशेष साक्षात्कार श्रृंखला**, महिला सेना अधिकारियों पर आधे घंटे के दो विशेष कार्यक्रम, ग्राउंड रिपोर्ट और महिला सशक्तिकरण के लिए स्कीमों पर सफलता की कहानियां, नियमित कार्यक्रमों के विशेष संस्करण, आदि प्रसारित किए गए।

6.2 सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने दिनांक 02.03.2021 को महिला अधिकारियों/ कर्मचारियों के लिए **विभिन्न प्रतियोगिताओं** (निबंध लेखन, पोस्टर बनाना, स्लोगन लेखन एवं एमसीक्यू) का आयोजन किया। दिनांक 09.03.2021 को सर्वश्रेष्ठ तीन प्रविष्टियों की घोषणा की गई। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के विभिन्न मीडिया एककों ने महिलाओं के लिए विशेष कार्यक्रमों जैसे कि प्रश्नोत्तरी, फिल्मों की स्क्रीनिंग, वेबीनार, कार्यशालाएं, सेमिनार, वार्ता आदि का आयोजन किया। फिल्म प्रभाग द्वारा तीन दिवसीय **ऑनलाइन फिल्म समारोह** का आयोजन किया गया जिसमें **3537 ऑनलाइन दर्शकों** की संख्या दर्ज की गई।

6.3 एनएमडब्ल्यू ने सफल भारतीय महिलाओं की सफलता को प्रदर्शित करने के लिए वीडियो और ग्राफिक्स की श्रृंखला का सृजन किया तथा अपलोड किया। पीआईबी और इसके क्षेत्रीय/शाखा कार्यालयों ने **703 ट्विट्स** किए, **241 फेसबुक और इंस्टाग्राम पोस्ट** शेयर किए, **89 प्रेस विज्ञप्तियां एवं 9 लेख** जारी किए और **26 वेबीनारों** का आयोजन किया। **#नारीशक्ति** ने 3.81 बिलियन इंप्रेशन और 116 हजार मेनशन तथा 43.7 हजार सब्सक्राईबर के साथ 519 मिलियन तक पहुंच बनाई।

7. डीडी न्यूज पर माननीय प्रधानमंत्री द्वारा विश्व जल दिवस पर **'जल शक्ति अभियान: कैच द रेन'** का शुभारंभ, **मेरीटाइम इंडिया समिट 2021 पर वर्चुअल** उद्घाटन और माननीय प्रधानमंत्री के सैरावीक 2021 में संबोधन का प्रसारण किया गया। डीडी न्यूज पर आने वाली **परीक्षा पे चर्चा 2021** पर छात्रों, अध्यापकों तथा अभिभावकों के 25 से ज्यादा बाइट्स प्रसारित किए गए। डीडी न्यूज ने संतुलित विचार के साथ चुनाव वाले राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों में चुनावी अभियान की विशेषताओं को विशेष कार्यक्रम **'जनादेश'** के 18 एपिसोडों तथा

**'जनमत'** के 5 एपिसोडों के माध्यम से कवर किया। डीडी न्यूज और डीडी इंडिया पर संसद पर बजट सत्र के प्रश्नकाल तथा अन्य घोषणाओं के सीधे प्रसारण के साथ तथा समर्पित बुलेटिनों **'संसद समाचार'** और **'पार्लियामेंट न्यूज'** के साथ व्यापकता से कवर किया गया। डीडी न्यूज और डीडी इंडिया ने भी आत्मनिर्भर भारत एवं सेल्फ रिलायंट इंडिया स्टार्टअप चैंपियनस (4 एपिसोडों), दो टूक (22 एपिसोडों), रक्षक, चर्चा में आदि पर विशेष कार्यक्रमों को प्रसारित किया।

8. **67वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों** के लिए ज्यूरी ने दिनांक 22.03.2021 को वर्ष 2019 के लिए विजेताओं की घोषणा की। नॉन-फीचर फिल्म केटेगरी में *एन एनइंजीनियर्ड ड्रीम* ने *सर्वश्रेष्ठ फिल्म* का पुरस्कार जीता, *मारावकर-अराविकादालिंते-सिम्हम* ने *सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म* का पुरस्कार जीता, *महर्षि* ने *बेहतरीन मनोरंजन प्रदान करने वाली सर्वश्रेष्ठ लोकप्रिय फिल्म* का पुरस्कार जीता और *आनन्दी गोपाल* ने *सामाजिक मुददों पर सर्वश्रेष्ठ फिल्म* का पुरस्कार जीता। श्री घनुष और श्री मनोज बाजपेयी ने *सर्वश्रेष्ठ अभिनेता* का पुरस्कार जीता और सुश्री कंगना रानौत ने *सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री* का पुरस्कार जीता। सिक्किम ने *सबसे अधिक फिल्म के अनुकूल राज्य होने* का पुरस्कार जीता।

9. बीओसी ने **न्यू इंडिया समाचार** की मार्च, 2021 के पाक्षिक संस्करण **'पूर्वोदय-नये भारत के लिए एक नया मंत्र'** और **'लोकल टॉयस ग्लोवल प्लेग्राऊंड'** विषय को 13 भाषाओं में मुद्रित और देशभर में वितरित किया। एनआईएस के ई-संस्करण को माईगॉव इंडिया के ई-संपर्क प्लेटफार्म का उपयोग करके ईमेल द्वारा 65.5 मिलियन से अधिक पाठकों को भेजा गया था। बीओसी ने लोक सभा में जम्मू एवं कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम पर माननीय गृह मंत्री द्वारा दिए गए अभिभाषण तथा केंद्रीय बजट 2021 पर चर्चा में संसद में माननीय वित्त मंत्री के उत्तर पर पत्रिकाओं को डिजाइन, प्रकाशित और वितरित किया।

10. **भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान (एफटीआईआई) की डायमंड जुबली को** मनाने के लिए दिनांक 20.03.2021 को **डायमंड जुबली स्क्रीन आर्टस फैलोशिप पुरस्कारों** के लिए दो विजेताओं की घोषणा की गई। दिनांक 24.03.2021 को **एक विशेष पुस्तक 'बींग एफटीआईआई'** को फिल्म हस्तियों श्री राजकुमार हिरानी, श्री श्रीराम राधवन, श्री वी.पी. सिहं और श्री विश्वद्वीप चटर्जी द्वारा मुंबई में लांच किया गया।

11. **न्यूनतम शासन अधिकतम सरकार पर सूचना और प्रसारण मंत्रालय की पहलेः**

- ईवाई फिक्की मीडिया मनोरंजन रिपोर्ट 2021 के अनुसार, एक दृढ़ विकसित मार्ग को बनाते हुए **डीडी फ्री डिश बेस ने लगभग 40 मिलियन सबस्क्राइबर का आंकड़ा पार कर** लिया है। यह विकास कम मंहगे टेलीविजन सेट, आर्थिक मुदों, डीडी रेट्रो चैनल के लांच तथा बडे प्रसारको की फ्री डिश प्लेटफार्म पर वापसी के कारण हुआ है।

- सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने सूचित किया है कि **"डेमोक्रेसी अंडर सीज"** शीर्षक से फ्रीडम हाऊस की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारत की स्थिति एक स्वतंत्र देश से गिरकर 'आंशिक रूप से मुक्त हो गई है' जो **भ्रामक, गलत** और **असत्य** है।
- **पोषण पखवाडा 2021** को 16-31 मार्च, 2021 तक मनाया गया। पीआईबी और इसकी क्षेत्रीय/शाखा कार्यालयों ने 198 ट्वीट्स पोस्ट किए, 89 फेसबुक और इंस्टाग्राम, पोस्ट 18 यूट्यूब पोस्ट शेयर किए, 44 प्रेस विज्ञाप्तियां और 12 लेख जारी किए तथा 21 वेबीनारों का आयोजन किया।
- **एफएम सेलः** मंत्रालय ने दिनांक 16.03.2021 को पत्र के माध्यम से प्राइवेट एफएम रेडियों स्टेशनों को 8 राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों में कोविड-19 मामलों में हाल ही हुई वृद्धि के संबंध में सूचित किया है और अनुरोध किया है कि वे अपने श्रोताओं को कोविड टीकाकरण का लाभ लेने और **कोविड उपयुक्त व्यवहार** अपनाने के लिए सक्रिय रूप से प्रोत्साहित करें।
- **सामुदायिक रेडियो स्टेशन (सीआरएस) सेलः**
  - दिनांक 31.03.2021 को आयोजित अंतर-मंत्रालयीय समिति की बैठक में सीआरएस स्थापित करने के लिए अनुमति हेतु आशय पत्र जारी करने के लिए **21** मामलों को अनुमोदित किया।
  - मंत्रालय ने माह के दौरान **4 नए अनुमति मंजूरी करार (जीओपीए)** पर हस्ताक्षर किए और 10 जीओपीए का नवीकरण किया।
  - 10 सीआरएस को कुल चार लाख रूपये जारी किए गए जिन्होंने विभिन्न वर्गों में **राष्ट्रीय सामुदायिक रेडियो पुरस्कार** जीते थे।
  - **भारत में सामुदायिक रेडियो अभियान को समर्थन** स्कीम के तहत उपकरण की खरीद के लिए 4 नए सीआरएस को सहायता अनुदान जारी किए गए।
- **चैनल लाइसेंसिग:** मंत्रालय ने माह के दौरान एक समाचार टीवी चैनल को अनुमति जारी की और एक गैर-समाचार तथा 2 समाचार टीवी चैनलों की अनुमति को रद्द किया है। भारत में अपलिंकिंग और डाउनलिंकिंग के लिए प्राइवेट सैटेलाइट टीवी चैनलों की संख्या **दिनांक 31.03.2021** तक की स्थिति के अनुसार **900** है।
- **सूचना और प्रसारण मंत्रालय का सोशल मीडिया प्लेटफार्मः** दिनांक 05.04.2021 तक सूचना और प्रसारण मंत्रालय के अधिकारिक अंग्रेजी टिवटर हैंडल **@MIB India** के **1.2 लाख फॉलोअर्स,** सूचना और प्रसारण मंत्रालय के हिंदी टिवटर हैंडल **@MIB-Hindi** के **68.1 हजार फॉलोअर्स,** फेसबुक पेज के **1.36 मिलियन फॉलोअर्स**, यूट्यूब चैनल के **177 हजार सब्सक्राइबर्स** तथा इंस्टाग्राम के **171 हजार फॉलोअर्स** हैं।

**विक्रम सहाय**
**संयुक्त सचिव, भारत सरकार**
**दूरभाषः 23073775**